07-11-2026_Layout 1 08-11-2026 01:00 Page 1




वर्ष:5 | अंक : 292 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, रविवार 8 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913


INNOCENT HEARTS SCHOOL
Learning Today... Leading Tomorrow !
Nursery to Grade-12
(Affiliated to CBSE)
1800 833 4600 www.innocenthearts.in
ADMISSION OPENS SESSION 2027 -28
REGISTRATIONS START FROM AUGUST 04, 2026
*Seat availability as per the vacancy at respective campuses
NURSERY, LKG & UKG
Our Campuses in Jalandhar*
GMT Green Model Town
LOHARAN Nakodar Road
DIWALI Cantt.- Jandiala Road
NOORPUR Pathankot Road
KPT. ROAD Sports & Surgical Complex, Kapurthala Road




GUARDIAN HOSPITAL
Care to Cure
"TWAt'CHA"™
Wishes You & Your Family
Happy Diwali
Dr. Sanjiv Goel
M.B.B.S, M.S (Ortho), MCh
Fellow of Royal Australasian College of Surgeon Australia
98761 88088, 95014 55055
• Joint Replacement
• Arthroscopy
• Sports Injury
• Spine Surgery
• Trauma
• Tumour Reconstruction
• Bone Fracture
• Physiotherapy
Dr. Anu Pal Goel
M.D. (Skin),
PGDMLS, Life Member of IADVL, CSI, IACD & AAD
Ex. Consultant C.M.C. & H. Ldh.,
Fellow - St. Vincent's Hospital, Melbourne, Australia- NSC, Singapore
98157 88088, 98147 88044
• Acne/ Pimple Treatment
• Anti-Aging Solutions
• Composite Chemical Peels
• Botulinum Toxin A
• Body Contouring & Face Lift
• Laser Hair Removal
• Needle Free PRP
• Microdermabrasion
• Skin & Hair Analysis
• Treatment of skin/hair/nail diseases
• Laser Gensis
• Hydrafacial
• Thread Lifts
• Allergy Clinic
• Fillers
• Co2 Microfractional
• Paediatric Dermatology
Guardian Hospital, 1 Link Road,
Guru Amardass Chowk, Model Town , Jalandhar.



May the Divine Light of Diwali
bring Peace, Prosperity, Happiness
and Good Health to you and
your loved ones.
HAPPY
Diwali
On this auspicious occasion, we thank our customers,
partners and well-wishers for their trust and support.
We look forward to continuing our journey together.
JUNEJA
CREDITS
LOANS AGAINST PROPERTY | BUSINESS LOANS | PERSONAL LOANS
9803000790 www.junejaworld.com
Your Growth. Our Commitment.








07-11-2026_Layout 1 08-11-2026 01:00 Page 2







भगवंत मान को पाकिस्तान आने का न्योता, वीजा देने पर विचार करेगा पाक

27 नवंबर को लाहौर में होनी है वर्ल्ड पंजाबी कांफ्रेंस



जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के संभावित पाकिस्तान दौरे को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि यदि मुख्यमंत्री भगवंत मान लाहौर में होने वाली वर्ल्ड पंजाबी कॉन्फ्रेंस में शामिल होना चाहते हैं तो उनके वीजा आवेदन पर विचार किया जाएगा। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता सज्जाद हैदर खान ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान की ओर से वीजा देने पर विचार करना अलग बात है, जबकि भगवंत मान को भारत सरकार से पाकिस्तान जाने की अनुमति मिलना अलग विषय है। गौरतलब है कि भगवंत मान ने 23 अक्टूबर को पंजाब विधानसभा में बताया था कि उन्हें 27 नवंबर को लाहौर में आयोजित होने वाली वर्ल्ड पंजाबी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। उन्होंने कहा था कि पंजाब और पाकिस्तान की संस्कृति एक जैसी है और यहां से कई पंजाबी कवि भी सम्मेलन में शामिल होने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने करतारपुर कॉरिडोर दोबारा खुलने पर पंजाब विधानसभा के सभी विधायकों के साथ गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब के दर्शन करने की इच्छा भी जताई थी। फिलहाल भगवंत मान के पाकिस्तान दौरे पर अंतिम फैसला भारत सरकार की अनुमति के बाद ही हो सकेगा।







07-11-2026_Layout 1 08-11-2026 01:00 Page 3

पंजाब में 'आप' नेता के परिवार को लॉरेंस गैंग के नाम पर धमकी!

- महिला पार्षद के पति को रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है
- फोन करने वाले की ओर से खुद को लॉरेंस गैंग से जुड़ा आरजू बताया
- आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा तय की जाए

2 करोड़ नहीं दिए तो जान से मारने की चेतावनी

जालंधर सिटी लाइव



मोहाली। मोहाली में आम आदमी पार्टी (AAP) की महिला पार्षद के पति को विदेशी नंबरों से फोन कर 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रकम नहीं देने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग से जुड़ा आरजू बताया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार, 4 अक्टूबर को मोहाली के फेज-9 स्थित हॉकी स्टेडियम में मैच देखने गए थे। उनके मोबाइल पर एक विदेशी नंबर से वॉट्सऐप कॉल आई। पहली कॉल रिसीव करने के बजाय काट दी। कुछ देर बाद उसी नंबर से दोबारा फोन आया, जिसे उन्होंने उठा लिया, लेकिन दूसरी तरफ से कोई आवाज नहीं आई। शाम करीब 6:30 बजे उनके मोबाइल पर एक अन्य नंबर से कॉल आई, लेकिन इस बार भी फोन रिसीव नहीं किया। पीड़ित के मुताबिक, कुछ मिनट बाद उनके बेटे के मोबाइल पर विदेशी नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने पहले पूछा कि क्या वह आम आदमी पार्टी की पार्षद का बेटा बोल रहा है। बेटे के हां कहने पर आरोपी ने कहा कि उसका पिता बार-बार फोन काट रहा है। इसके बाद खुद की पहचान लॉरेंस गैंग से जुड़े आरजू के रूप में बताई और परिवार को 2 करोड़ तैयार रखने की धमकी दी। यदि रकम न दी तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा।

पार्षद का राजनीतिक कामकाज संभालते हैं पति

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हैं और उनकी पत्नी मौजूदा समय में पार्षद हैं। वह अपनी पत्नी के राजनीतिक और अन्य कामकाज की जिम्मेदारी संभालते हैं। एयरपोर्ट रोड पर गांव बलियाली के इलाके में उनकी पुश्तैनी जमीन है। इसकी देखरेख वह अपने बेटे के साथ मिलकर करते हैं। पुलिस विदेशी नंबरों से आए कॉल और आरोपी की पहचान सहित मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

पंजाब के 6,507 कंप्यूटर शिक्षकों को दिवाली का तोहफा, डीए में 40 फीसदी बढ़ोतरी

जालंधर सिटी लाइव



चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य के कंप्यूटर शिक्षकों को दिवाली का बड़ा तोहफा देते हुए महंगाई भत्ते (DA) में 40 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के इस फैसले से पंजाब के 6,507 कंप्यूटर शिक्षकों को लाभ मिलेगा। इसके बाद उनका महंगाई भत्ता 181 प्रतिशत से बढ़कर 221 प्रतिशत हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत काम कर रहे 1,007 नॉन-टीचिंग कर्मचारियों को वेतन संबंधी लाभ दिए जाएंगे। इन कर्मचारियों की सेवाएं पहले ही नियमित की जा चुकी हैं। सरकार के अनुसार, इस फैसले का उद्देश्य कर्मचारियों को आर्थिक राहत देना और उनका भविष्य सुरक्षित बनाना है। मुख्यमंत्री ने सभी कर्मचारियों को दिवाली की शुभकामनाएं भी दीं।

पंजाब में सियासी हलचल तेज! एक और 'आप' नेता ने दिया पार्टी से इस्तीफा

- होशियारपुर से कुलजीत सिंह बजवाड़ा ने पार्टी से किनारा कर लिया

जालंधर सिटी लाइव

होशियारपुर। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी तैयारियों के बीच दलबदल का सिलसिला अभी भी जारी है। इसी कड़ी में होशियारपुर से आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता कुलजीत सिंह बजवाड़ा ने पार्टी से किनारा कर लिया है। हालांकि, उनके अगले राजनीतिक कदम को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। कुलजीत सिंह बजवाड़ा ने पार्टी छोड़ने की पुष्टि करते हुए इसके पीछे घरेलू जिम्मेदारियों को वजह बताया है। उनके इस फैसले ने स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चाओं को तेज कर दिया है। कुलजीत सिंह बजवाड़ा के इस्तीफे को आगामी विधानसभा चुनाव की राजनीतिक रणनीति से जोड़कर भी देखा जा रहा है। चर्चा है कि उनके इस फैसले के पीछे चुनाव में टिकट की दावेदारी से जुड़े समीकरण भी हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने खुद इस्तीफे के पीछे टिकट या चुनावी नाराजगी को वजह नहीं बताया है।

होशियारपुर की राजनीति में बढ़ी हलचल

विधानसभा चुनाव से पहले होशियारपुर में आम आदमी पार्टी के नेता का पार्टी छोड़ना स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि कुलजीत सिंह बजवाड़ा आगे किस राजनीतिक रास्ते को चुनते हैं। क्या वह किसी दूसरी पार्टी का दामन थामेंगे या फिलहाल राजनीति से दूरी बनाए रखेंगे, इस पर अभी सस्पेंस बरकरार है।

पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा पर लगे गंभीर आरोप, घर में 42 घंटे तक चली ईडी रेड में बड़े खुलासे!

आय से अधिक संपत्ति और औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन में कथित अनियमितता

- 2 और 3 नवंबर को पंजाब और चंडीगढ़ में 14 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी

जालंधर सिटी लाइव



पंजाब के पूर्व उद्योग मंत्री और कांग्रेस नेता सुंदर शाम अरोड़ा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर श्रेष्ठ ने जांच तेज कर दी है। 2 और 3 नवंबर को पंजाब और चंडीगढ़ में सुंदर शाम अरोड़ा, उनके बेटे प्रतीक अरोड़ा और सहयोगियों से जुड़े 14 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। होशियारपुर स्थित आवास पर ईडी की टीम ने करीब 42 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया। ईडी की कार्रवाई में होशियारपुर के जोधा मल रोड स्थित सुंदर शाम अरोड़ा का आवास और शिवम हॉस्पिटल भी शामिल था। इसके अलावा चंडीगढ़ और मोहाली में स्क्वेर बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, त्रिवेणी डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स स्क्वेर और गुलमोहर टाउनशिप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े ठिकानों पर भी तलाशी ली गई। जांच एजेंसी ने इन कंपनियों के प्रमोटरों, निदेशकों और अन्य सहयोगियों के परिसरों को भी खंगाला। तलाशी अभियान के दौरान ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड मिले। एजेंसी ने मोबाइल फोन, संपत्तियों से जुड़े कागजात, आपत्तिजनक दस्तावेज, PSIEC के औद्योगिक प्लॉटों से संबंधित रिकॉर्ड और डिजिटल डिवाइस जब्त किए हैं। ईडी अब जब्त किए गए दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच कर रही है, ताकि कथित लेन-देन और संपत्तियों से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके। ईडी की जांच में आरोप लगाया गया है कि मार्च 2017 से सितंबर 2021 के बीच पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री रहते हुए सुंदर शाम अरोड़ा का PSIEC के कामकाज पर सीधा नियंत्रण था। इस दौरान उन्होंने PSIEC के महंगे औद्योगिक प्लॉट निजी रियल एस्टेट कंपनियों को ट्रांसफर करने में कथित तौर पर अनुचित लाभ पहुंचाया। जांच एजेंसी पड़ताल कर रही है कि इन प्लॉटों के हस्तांतरण में किन लोगों या कंपनियों को फायदा हुआ।

बेटे के नाम पर कंपनियों में हिस्सेदारी लेने का दावा

ईडी के मुताबिक, कथित तौर पर निजी रियल एस्टेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने के बदले सुंदर शाम अरोड़ा ने बेटे प्रतीक अरोड़ा के नाम पर इन कंपनियों में हिस्सेदारी हासिल की थी। एजेंसी को बैंक रिकॉर्ड से कुछ अहम साक्ष्य मिलने की जानकारी दी है। अब ईडी जब्त किए बैंक रिकॉर्ड, संपत्ति के दस्तावेजों और कंपनियों से जुड़े वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है। मामले में आगे की कार्रवाई तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

दिलजीत दोसांझ के शो से पहले बड़ा विवाद!

गानों, बच्चों की एंट्री और कारतूस वाली बेल्ट को लेकर उठे सवाल

जालंधर सिटी लाइव



पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के इंदौर में होने वाले लाइव कॉन्सर्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। 15 नवंबर को होने वाले इस कार्यक्रम में दिलजीत अपने चार गाने नहीं गा सकेंगे। चंडीगढ़ के एक प्रोफेसर की शिकायत के बाद जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने ष्ट-21 मॉल प्रबंधन को इन गानों पर रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने दिलजीत के कारतूस वाली बेल्ट पहनने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इससे बंदूक और हिंसा की संस्कृति को बढ़ावा मिल सकता है। अब देखना होगा कि दिलजीत दोसांझ का कार्यक्रम किस तरह आयोजित किया जाता है। जानकारी के मुताबिक, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, इंदौर की ओर से 6 नवंबर को मॉल प्रबंधन को पत्र जारी किया गया। पत्र में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 22 जुलाई 2019 के आदेश का भी हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है कि इन गानों के बोल छोटे बच्चों पर गलत प्रभाव डाल सकते हैं इसलिए कॉन्सर्ट के दौरान इन्हें नहीं गाया जाए।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग को बड़ा झटका, अमेरिका से गिरफ्तार हुआ कुख्यात गैंगस्टर हैरी बॉक्सर

आईसीई एजेंसी ने उसे कैलिफोर्निया से हिरासत में लिया, अमेरिका में रहकर आपराधिक गतिविधियां अंजाम

- बॉलीवुड हस्तियों को धमकियां देने में आ चुका नाम
- फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर फायरिंग का जिम्मा

जालंधर सिटी लाइव

लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टर हैरी बॉक्सर को अमेरिका में हिरासत में लिया गया है। अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (ICE) एजेंसी ने उसे कैलिफोर्निया से हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि हैरी अमेरिका में रहकर गैंग की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। उस पर हत्या, रंगदारी और कई अन्य गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल होने के आरोप हैं। हैरी बॉक्सर का नाम बॉलीवुड हस्तियों को धमकियां देने और फिल्मी जगत से जुड़े लोगों पर हमलों के मामलों में भी सामने आ चुका है। उसने फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। इसके अलावा उस पर अभिनेता सलमान खान और कॉमेडियन कपिल शर्मा समेत कई अन्य बॉलीवुड हस्तियों को धमकी देने का भी आरोप है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, हैरी बॉक्सर अमेरिका में रहकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लिए गतिविधियां संचालित कर रहा था। भारत में उसके खिलाफ हत्या, रंगदारी समेत कई गंभीर आपराधिक मामलों में आरोप हैं।



हिमांशु भाऊ व नीरज फरीदपुरिया हो चुके अरेस्ट

हिमांशु भाऊ व नीरज फरीदपुरिया अमेरिका में हिरासत में

इससे पहले अमेरिका में गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और नीरज फरीदपुरिया को भी हिरासत में लिया जा चुका है। दोनों भारत में कई आपराधिक मामलों में वांटेड हैं। उनकी हिरासत को गैंग के विदेश में सक्रिय नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। विदेश में छिपकर आपराधिक गतिविधियां चलाने वाले गैंगस्टरों के खिलाफ अमेरिकी एजेंसियों की कार्रवाई से भारतीय जांच एजेंसियों को भी मदद मिलने की उम्मीद है।

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज

स्वामी, संपादक, मुद्रक, प्रकाशित रमेश चन्द्र नैयार ने 66 गुरु हरिकृष्ण नगर बस्ती गुजां जालंधर से मुद्रित एवं वचितरा प्रिंटर महाऋषि दयानंद मठ मार्केट, धन्न मोहल्ला, जालंधर से प्रकाशित किया।

EDITOR :
RAMESH CHANDER NAYYAR

Title Code : PUNHIN01951
Contact No : 9855559913

Responsible For Selections of News And Other Matter As Prb Act All Disputer Will Be Fi&ed Under The Jurisdictions of Distt. Jalandhr Courts.

जालंधर के वर्कशॉप चौक पर दर्दनाक हादसा!

तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को कुचला, मौके पर मौत

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/जतिनः जालंधर के व्यस्त वर्कशॉप चौक पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने काम पर जा रहे एक बुजुर्ग साइकिल सवार को कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था कि बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर क्क्ष्ण 08 घ्ण्स् 2953 बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। फिलहाल बुजुर्ग की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। लोगों ने मदद के लिए 108 एम्बुलेंस और पुलिस हेल्पलाइन 100 व 112 पर कई बार फोन किया, लेकिन आरोप है कि एम्बुलेंस करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अगर समय रहते मेडिकल सहायता मिल जाती तो शायद बुजुर्ग की जान बचाई जा सकती थी। लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि पास में थाना नंबर 2 होने के बावजूद पुलिस समय पर क्यों नहीं पहुंची। सिर्फ एक रोटी का डिब्बा और साइकिल मिली है।

वहीं, मृतक के पास से पहचान पत्र या मोबाइल नहीं मिला

जानकारी के मुताबिक, बुजुर्ग रोजाना की तरह सुबह अपनी साइकिल पर काम के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वह वर्कशॉप चौक के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद बुजुर्ग ट्रक के पहियों के नीचे आ गए। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। रजिंदर बाबा के मुताबिक, हादसे के बाद बुजुर्ग की सांसें चल रही थीं। वहीं, मृतक के पास से पहचान पत्र या मोबाइल नहीं मिला है।

नवंबर में रहेगी पंजाब के लोगों की मौज!

दिवाली से गुरुपर्व तक कई छुट्टियां, जानें कब-कब बंद रहेंगे स्कूल-दफ्तर

जालंधर सिटी लाइव

नवंबर का महीना पंजाब के लोगों के लिए त्योहारों और छुट्टियों के लिहाज से खास रहने वाला है। इस महीने दिवाली, विश्वकर्मा दिवस, शहीद करतार सिंह सराभा का शहीदी दिवस और श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। इन खास अवसरों पर पंजाब सरकार ने अलग-अलग दिनों में सरकारी छुट्टियां घोषित की हैं। इसके चलते सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और दफ्तरों में कामकाज बंद रहेगा। ऐसे में सरकारी कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को महीने में कई छुट्टियों का लाभ मिलने वाला है। इस बार दिवाली का त्योहार रविवार को मनाया जाएगा। इसके अगले दिन यानी 9 नवंबर को विश्वकर्मा दिवस है। पंजाब सरकार ने सरकारी छुट्टी रखी है। राज्य के सभी सरकारी स्कूल, कॉलेज और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। विश्वकर्मा पूजा के चलते कई निजी संस्थानों में छुट्टी की संभावना है।



टीम इंडिया से मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा, भावुक पोस्ट में बयां किया अपना सफर

जालंधर सिटी लाइव



भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में कई यादगार प्रदर्शन किए और 64 मुकाबलों में कुल 229 विकेट अपने नाम किए। शमी अब भारतीय टीम की टेस्ट जर्सी में नजर नहीं आएंगे। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद शमी ने क्रिकेट से पूरी तरह दूरी नहीं बनाई है। वह वनडे और टी-20 क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। ऐसे में सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय टीम और घरेलू क्रिकेट में उनके प्रशंसकों को अभी उनकी गेंदबाजी देखने का मौका मिलता रहेगा। शमी के संन्यास की घोषणा की एक खास बात भी है। उन्होंने 6 नवंबर को ही टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने का फैसला किया। इसी तारीख को 13 साल पहले यानी 2013 में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। इस तरह जिस दिन उन्होंने भारतीय टेस्ट टीम के सफर की शुरुआत की थी, उसी दिन इस लंबे सफर को विराम देने का ऐलान कर दिया। 36 वर्षीय शमी ने इंस्टाग्राम पर अपने संदेश में लिखा कि वह भारी मन और अनगिनत खूबसूरत यादों के साथ टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला कर रहे हैं। जब पहली बार भारत की टेस्ट जर्सी पहनी थी, तब उनके मन में सिर्फ एक सपना था कि देश के लिए कुछ करके दिखाना है। करियर के दौरान मिले हर विकेट, संघर्ष, चोट और वापसी ने उन्हें कुछ न कुछ सिखाया। शमी ने अपने टेस्ट करियर को यादगार बनाने में योगदान देने वाले सभी अनुभवों को भी याद किया।

64 टेस्ट मैचों में 229 विकेट का रिकॉर्ड

मोहम्मद शमी ने अपने टेस्ट करियर में 64 मुकाबले खेले और 229 विकेट हासिल किए। अपनी तेज रफ्तार, सीम और स्विंग गेंदबाजी के दम पर उन्होंने कई मौकों पर भारतीय टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। चोटों के कारण उन्हें कई बार क्रिकेट से दूर भी रहना पड़ा, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए अपनी गेंदबाजी से शानदार प्रदर्शन किया।

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565







